संक्षिप्त समाचार

स्कूली छात्र छात्राओं ने मतदाताओं को मतदान करने के लिए किया प्रेरित

अयोध्या : जनपद के मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र के रामखेलावन जगन्नाथ पीजी कॉलेज सरैया छातिरवा में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक एवं सेविकाओं ने मतदाता रैली के माध्यम से ग्रामीण लोगों को जागरूक किया। स्वयं सेविकाओं ने आगामी लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान करने के लिए लोगों को प्रेरित किया। छात्र एवं छात्राओं ने ग्रामीणों को मतदान के लिए विस्तार से बताया कि मतदाता पहचान पत्र न होने की स्थिति में आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, श्रम कार्ड ,पासबुक आदि दस्तावेजों को मतदान केंद्र पर दिखाकर मतदान करने का अवसर प्राप्त कर सकते हैं। स्वयं सेविकाओं ने सभी लोगों को अपने मत का सही उपयोग करने एवं मतदान का महत्व बताते हुए उन्हें जागरूक किया बच्चों ने लोगों से कहा मतदान करना हमारा अधिकार ही नहीं मौलिक कर्तव्य है। मतदाता सूची में मतदाता का नाम होना आवश्यक है स्वयंसेवक एवं सेविकाओं द्वारा ग्राम सभा पोरा में सही मतदान करने के लिए नारे के माध्यम से जागरूक किया- लालच देकर वोट जो मांगे, भ्रष्टाचार करेगा आगे, वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है। छोड़ो अपने सारे काम पहले चलो करें मतदान, आदि नारों के साथ गाँवो में रैली निकाल कर जागरूक किया। महाविद्यालय के वरिष्ठ प्रवक्ता माधव प्रसाद द्वारा मतदान शपथ दिलाई जिसमें एन एस एस के बच्चों एवं ग्रामीणों के साथ महाविद्यालय शिक्षक एवं शिक्षिकाएं भी शामिल रहे।

अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर सामाजिक कार्यकर्ता ने बांटे लड्डू किया खुशी का इजहार

अयोध्या : जनपद के सोहावल तहसील क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता तहसीन पुर निवासी पंडित रामनाथ मिश्रा ने चौराहे पर लड्डू बाँट कर खुशी जाहिर किया है। उन्होंने कहा कि अपने को सबसे बड़ा ईमानदार बताने वाले आप नेता दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर ग्रामीणों संग खुशी का इजहार करते हुए लड्डू वितरित कर लोगो का मुंह मीठा कराते हुए खुशी व्यक्त किया है। कहा इस गिरफ्तारी से बेईमान शासकों अधिकारियों, राष्ट्र द्रोही लोगो को एक सबक मिलेगा। शासन और न्यायालय की इस कार्यवाही का स्वागत किया जाना चाहिए। मौजूद लोगो में यश कुमार गुप्ता, शिवलाल निषाद, किसकुमार यादव आदि सहित कई हाइवे के यात्री शामिल रहे।

रियल पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मना होली उत्सव

मथुरा। `रियल पब्लिक स्कूल में होली का उत्सव बहुत ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। आज रियल पब्लिक स्कूल में होली उत्सव को बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। पूरे विश्व में ब्रज की होली का उत्सव मनाने के लिए सभी मथुरा आते हैं और इस आकर्षण को आज रियल पब्लिक स्कूल में बहुत ही धूमधाम के साथ मनाया गया। विद्यालय के वाइस चेयरमैन चेतन प्रजापति एवं अनीता प्रजापति ने बच्चों को गुलाल लगाकर के उत्सव की शुरुआत की ।कार्यक्रम को विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने सभी बच्चों को गुलाल लगाया और वहां पर उपस्थित सभी आमंत्रित अभिभावकों को भी गुलाल लगा करके होली की शुभकामनाएं दी। इस कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती मंजू तोमर एवं शिखा चौधरी, संजुक्ता चौधरी, अर्चना मिश्रा, गरिमा शर्मा, अंकित सिंघल , आदि समस्त स्टाफ उपस्थित रहा । रियल पब्लिक स्कूल के पूरे स्टाफ ने सभी बच्चों को एवं सभी अभिभावकों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं दी। साथ ही होली त्यौहार अच्छे से कैसे मनाया जाए उसके बारे में भी बताया।

एन.एच.-2 ग्राम बाद स्थित जनपद के ईवीएम-वीवीपैट वेयर हाउस का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

मथुरा। जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत ईवीएम-वीवीपैट वेयर हाउस बाद का निरीक्षण किया। भारत निर्वाचन आयोग के दिये गये निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा वेयर हाउस में ईवीएम एवं वीवीपैट के सुरक्षित भण्डारण एवं सुरक्षा का निरीक्षण किया गया। वेयर हाउस के आन्तरिक स्थिति का निरीक्षण कर अनुपालन सुनिश्चित किया गया है। आस पास साफ सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ रखने के निर्देश दिए। सुरक्षा व्यवस्थाओं में लापरवाही बर्दास्त नही की जायेगी।

बोर्ड की कॉपियों का मूल्यांकन करने वालों को मिल रहे है कापियों में नोट



मथुरा : यूपी बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कर रहे परीक्षकों की जमकर मौज आ रही है। बोर्ड के कठिन विषयों की कॉपियों में खूब नोट निकल रहे हैं। जिले में चार केंद्रों पर यूपी बोर्ड की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जा रहा है। इनमें से केआर गर्ल्स इंटर कॉलेज व राजकीय इंटर कॉलेज में हाईस्कूल और श्री जवाहर विद्यालय इंटर कॉलेज व केआर इंटर कॉलेज में इंटर की कॉपियों का मूल्यांकन हो रहा है। बोर्ड की कॉपियों में रुपये मिलने का किस्सा भले ही पुराना है, लेकिन यह सिलसिला आज भी जारी है। कठिन विषयों गणित, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, अंग्रेजी की उत्तरपुस्तिकाओं में खूब रुपये निकल रहे हैं। किसी कॉपी में 50 तो किसी में 100 तो किसी कॉपी में 200 रुपये निकल रहे हैं। रुपये मिलने पर कोई शिक्षक उत्साहित होकर हो-हल्ला करने लगता है तो कोई चुपचाप नोट को जेब में सरका ले रहा है कि कहीं पार्टी न देनी पड़ जाए। उत्साहित शिक्षक अधिक रुपये मिलने पर चाय पार्टी कर मौज मस्ती भी कर रहे हैं। इस तरह का माहौल कमोबेश चारों मूल्यांकन केंद्रों पर नजर आ रहा है।

केएम के चिकित्सकों ने दस दिन से गर्भाशय में मरे बच्चे का सिजेरिन ऑपरेशन कर बचाई निशा की जान

मरीज में 4 ग्राम हीमोग्लोबीन होने पर डाक्टरों ने चढ़ाया पांच यूनिट ब्लड

अशफाक चौधरी

मथुरा। केएम सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में स्त्री रोग व प्रसूति विभाग के डॉक्टरों ने गर्भाशय में मृत बच्चे को बाहर निकालते हुए न सिर्फ गर्भवती महिला की जान बचाई है, बल्कि उसके गर्भाशय को भी सुरक्षित रखने में सफलता पाई।

केएम डॉक्टरों के अनुसार मरीज की यह एक दुर्लभ स्थिति थी, जिसमें अवल नाल अपनी जगह से हट गई थी, जिसकी वजह से बच्चेदानी में लगभग डेढ़ से दो लीटर खून एकत्र हो गया था और बच्चेदानी काली पड़ गई थी जिसकी वजह से गर्भाशय में मरे बच्चे से महिला में इंफेक्शन फैल सकता था और गर्भवती महिला की जान भी जा सकती थी। इसमें कुशलतापूर्ण सिजेरिन सर्जरी की गई है।

स्त्री रोग व प्रसूति विभागाध्यक्ष डा. धन सिंह ने बताया गोवर्धन निवासी 21 वर्षीय निशा पत्नी हरूण को 43 सप्ताह (पूरे समय से अधिक) का गर्भ था। महिला को पेट में हल्का दर्द हो रहा था, जिसके बाद उसकी सोनोग्राफी की गई। जांच में पता चला कि गर्भ में पल रहे बच्चे की मौत हो गई है। दस दिन के बाद उसका पति केएम अस्पताल में लेकर आया, निशा के पति ने स्त्री रोग एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डा. ईला अग्रवाल, डा. शिप्रा सक्सेना, डा. देवयानी चौधरी को दिखाया, डाक्टरों ने बिना समय नष्ट किए हुए गर्भवती मां को बचाने के लिए सिजेरिन ऑपरेशन की तैयारी की गई। निशा में 4 ग्राम खून था, चिकित्सकों ने पांच यूनिट ब्लड महिला को चढ़ाते हुए उसका सिजेरिन कर मृत नवजात को बाहर निकाल कर निशा को नया जीवन दिया है। निशा की तबियत ठीक है, उसको अस्पताल से छुट्टी दी जा रही है। ऑपरेशन करने वाली टीम में डा. शिप्रा और डा. देवयानी के साथ डा. हिना अग्रवाल, डा. नैनिका कौशिक, डा. रचना पटेल, डा. श्रृति चौधरी, डा. अंजली त्यागी के अलावा ओटी एवं नर्सिंग स्टाफ शामिल रहा।

डा. ईला अग्रवाल ने बताया कि निशा का समय से इलाज न होने पर उसकी जान भी जा सकती थी, दिल का दौरा पड़ सकता था, इंफेक्शन फेल सकता था और मरीज के शरीर में खून जमने की क्षमता भी खत्म हो जाने से डिसेमिनेटेड इंट्रावास्कुलर कोगुलेशन (डीआईसी) विकसित होने से मरीज की जान जा सकती थी। काफी जोखिम से भरा ऑपरेशन किया गया है। पेट में बच्चा मरने के बाद जितना जल्दी हो सके मरे हुए शिशु के हिस्सों को महिला के शरीर से बाहर निकाल लेना चाहिए। केएम विश्वविद्यालय के कुलाधिपति किशन सिंह चौधरी ने स्त्री रोग व प्रसूति विभाग के डॉक्टरों महिला की जान बचाने पर बधाई और शुभकामना दी। इस मौके पर उनके साथ विवि के वाइस चांसलर डा. डीडी गुप्ता, प्रो. वाईस चांसलर, डा. शरद अग्रवाल, एडीशनल मेडीकल सुपरिडेंट डा. आरपी गुप्ता, मेडीकल प्राचार्य डा. पीएन भिसे आदि मौजूद रहे।

लोकसभा प्रत्याशी ने मिल्कीपुर मंडल के कार्यकर्ताओं को दिया हर बूथ जीत टिप्स

विपक्ष पर सनातन को बदनाम करने का लगाया आरोप

तेजयुग न्यूज

मिल्कीपुर/अयोध्या : लोकसभा चुनाव 2024 के दृष्टिगत भाजपा अपनी चुनावी तैयारी में जुट गई हैं। शुक्रवार को व्यापार भवन डीली गिरधर में मिल्कीपुर मंडल के कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम में पहुंचे लोकसभा प्रत्याशी मौजूदा सांसद लल्लू सिंह ने मंडल के कार्यकर्ताओं से बूथ जीतो अभियान के तहत चर्चा की और हर कार्यकर्ता को पूरी तरह से बूथ जीतने का मूल मंत्र दिया।

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह चुनाव अयोध्या का चुनाव है, मोदी जी का चुनाव है, अयोध्या से एक नया संदेश निकालकर पूरे देश में जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि विपक्षी सनातन धर्म को बदनाम करने का काम कर रहे हैं। देश में तोड़फोड़ कराना चाहते हैं, उन्हें इतना ज्ञान नहीं है कि सनातन क्या है, जब से यह पृथ्वी अस्तित्व में आई है, तब से सनातन धर्म मौजूद है। सनातन वह धर्म है जब दुनिया में किसी को कहीं जगह नहीं मिलती तो उन लोगों को भारत में शरण मिली। हिंदू किसी के साथ अत्याचार व भेदभाव नहीं करते। लेकिन घटिया मानसिकता का विपक्ष लड़ना चाहता है। मोदी के नेतृत्व में पूरी दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा है, मोदी ने जो नारा दिया है 400 पार का, सभी कार्यकर्ताओं को मिलकर आगे बढ़ाना है, और भारी बहुमत से पुनः सरकार बनाना है।

सभी कार्यकर्ता घर-घर जाकर सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में संपूर्ण जानकारी दें। संचालन राधेश्याम त्यागी ने किया तथा समापन मंडल अध्यक्ष अजय तिवारी ने किया। इस मौके पर जिला प्रभारी कृष्ण शास्त्री, सांसद प्रतिनिधि जनार्दन मौर्य, जिला पंचायत सदस्य बबलू पासी, अशोक मिश्रा, जिला मंत्री सरबजीत सिंह, ओम प्रकाश सिंह, दीपक पाठक, रमेश प्रताप सिंह, अजीत मौर्य, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सरोज मिश्रा, वीर सेन सिंह, बूथ प्रमुख राजेश गुप्ता, राम अनुज जायसवाल, राजकुमार जायसवाल, ओमप्रकाश तिवारी, अनुराग सिंह सहित पार्टी के अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

वैकल्पिक फोटो के लिए मतदान पहचान दस्तावेजों जारी

हापुड़(सू0वि0) : जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रेरणा शर्मा ने बताया है की अर्हता तिथि 01.01.2024 के आधार पर विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान निर्वाचक नामावली में सम्मिलित किये गये 51192 मतदाताओं में से रंगीन मतदाता फोटो पहचान पत्र बनाने वाली फर्म द्वारा 19899 मतदाताओं के रंगीन मतदाता फोटो पहचान पत्र इस जनपद को उपलब्ध करा दिये गये हैं, जिन्हें स्पीडपोस्ट डाक के माध्यम से सम्बन्धित मतदाताओं को वितरित कराया जा रहा है, शेष 31293 मतदाताओं के रंगीन मतदाता फोटो पहचान पत्र फर्म से अति शीघ्र प्राप्त होने पर वितरित करा दिये जायेंगे। उन्होने बताया है की निर्वाचन आयोग द्वारा दी गयी व्यवस्था के अनुसार लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के निर्वाचन हेतु मतदाता फोटो पहचान पत्र के विकल्प के सम्बन्ध में प्रतिरूपण को रोकने की दृष्टि से मतदान के समय मतदाता को अपनी पहचान सिद्ध करने के लिए अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा, परन्तु ऐसे मतदाता जो अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं।

लाक स्तरीय प्रबंधन समिति की जनपहल कार्यशाला का सफलतापूर्वक समापन

अशफाक चौधरी

मथुरा। निपुण भारत मिशन के अंतर्गत ब्लाक स्तरीय एक दिवसीय विधालय प्रबंधन समिति की जनपहल कार्यशाला का सफलतापूर्वक समापन नंदगांव विकासखंड सभागार में आयोजित किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ बीईओ कैलाश प्रसाद शुक्ला एवं समस्त एआरपी गणों ने मां सरस्वती जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर माल्यार्पण करके किया। तदोपरांत अपने उद्बोधन में उच्च प्राथमिक विद्यालय रांकौली के प्रधानाध्यापक राजेश भारद्वाज, पूर्व एबीआरसी अशोक कुमार शर्मा, शिक्षक संकुल देवकुमार ने बाल अधिकार संरक्षण अधिनियम पर विस्तार से प्रकाश डाला।

वहीं समस्त एआरपी गणों ने अपने अपने में विधालय प्रबंधन समिति के अधिकारों से संबंधित लोगों को अवगत कराया। वहीं मुख्य अतिथि बीईओ कैलाश प्रसाद शुक्ला ने कहा कि हमारे बालक को शिक्षा प्रदान करने वाले अधिनियम में विधालय प्रबंधन समिति एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला अंग है। जिसके तहत समस्त प्रधानाध्यापकों को अपने विधालय मे शैक्षिक गतिविधियों के माध्यम से कार्य करने चाहिए। समिति में ऐसे लोगों को पदाधिकारी एवं सदस्य बनाया जाए वह प्रधानाध्यापकों के कार्यों में सहभागिता सुनिश्चित कर सकें।अंत में उन्होंने उपस्थित सभी लोगों का आभार व्यक्त करते हुए वंदन अभिनंदन किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता बीईओ कैलाश प्रसाद शुक्ला एवं संचालन नोडल एआरपी राजेश कुमार ने किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों में बीईओ कैलाश प्रसाद शुक्ला, एआरपी गणों में राजेश कुमार, दिनेश कुमार,डा. प्रांशु शर्मा, ब्लाक संसाधन केंद्र पर कार्यरत कर्मचारियों की टीम के अलावा कम्प्यूटर टैक्निकल प्रभारी विनय कुमार मिश्रा, कुंजबिहारी, प्रदीप कुमार मिश्रा, उमाशंकर, नवीन शर्मा, पंकज, ओमप्रकाश आदि के साथ साथ ब्लाक में कार्यरत दर्जनों परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष के रूप में जनसमूह था।

केजरीवाल की गिरतारी को लेकर कार्यकर्ताओं ने किया धरना प्रदर्शन

अशफाक चौधरी

मथुरा। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय सयोजक श्री अरविंद केजरीवाल जी की म्क् द्वारा गिरफ्तारी से आम जनमानस में भारी रोष है यह कार्रवाई, मोदी-अडानी के भ्रष्टाचार के खिलाफ इंडिया की मजबूत आवाज अरविंद केजरीवाल कि आवाज को दबाने की साजिश है।

अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी से नाराज कार्यकर्ताओं ने आज यूपी सहित पूरे देश भर में विरोध प्रदर्शन किया। इसी क्रम में जिला अधिकारी कार्यलय मथुरा पर भी जनपद के आप कार्य कर्ताओं ने भी विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में ज़िला अध्यक्ष भगत सिंह ने कहा कि मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा और कहा 2024 में मोदी इंडिया गठबंधन से चुनाव हार रहे हैं इसी बौखलाहट में इंडिया की मजबूत आवाज अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया गया है। महानगर अध्यक्ष प्रवीण भारद्वाज जी ने कहा ईडी भाजपा के दबाव में काम कर रही है इस लिए अरविंदकेजरीवाल को गिरफ्तार किया। वहीं पूर्व जिलाध्यक्ष अजय गौतम ने कहा अरविंद केजरीवाल के खिलाफ यह पूरा मामला फर्जी, बेबुनियाद और राजनीति से प्रेरित है हम लोग इससे डरने वाले नहीं है।

शातिर वाहन चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की 01 कार व अवैध असलहा, कारतूस बरामद

बुलंदशहर : जनपद में अपराधों पर अंकुश लगाये जाने हेतु अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 22.03.2024 को थाना छतारी पुलिस द्वारा एक अभिसूचना के आधार पर पण्ड्रावल अतरौली रोड़ मोहिद्दीनपुर भट्टे के पास से 01 शातिर वाहन चोर को चोरों की 01 कार व अवैध असलहा, कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना छतारी पर मुअसं-96/24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत करते हुए अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

मुठभेड़ में ईनामी अंतर्राज्यीय वाहन चोर गोली लगने से घायल

अशफाक चौधरी

मथुरा। शहर कोतवाली पुलिस और एसओजी टीम की संयुक्त कार्यवाही में 35 हजार के ईनामी अन्तर्राजीय शातिर को मालगोदाम रोड़ पर मुठभेड़ में घायल कर गिरफ्तार किया है।

एसएसपी शैलेश कुमार पांड़े ने बताया कि कोतवाली पुलिस और एसओजी टीम की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर माल गोदाम रोड़ से अन्तर्राजीय शातिर लुटेरा जाहुल मेव पुत्र जसमाइल उर्फ जसल्ला उर्फ जसभाव उर्फइस्माइल निवासी वैराकी बास थाना सीकरी जिला डींग राजस्थान को मुठभेड़ में घायल कर गिरफ्तार किया है। शातिर के कब्जे से चोरी की एक मोटर साईकिल, एक तमंचा और कारतूस बरामद किये है। घायल बदमाश को उपचार के लिये जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। बदमाश ने पूछताछ में बताया कि उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा राज्यों में अपने अन्य साथियों के साथ जाकर घरों के बाहर खड़े ट्रैक्टरों व अन्य वाहनों को चोरी करके ले जाकर सुरक्षित स्थान पर ट्रैक्टर व अन्य वाहनों को खड़ा कर देता है तथा भोले भाले किसानों को इंजन नम्बर तथा चेसिस नम्बर बदलकर बाहर राज्यों में बेच देता है तथा किसानों को ट्रैक्टर के ऑरीजनल रजिस्ट्रेशन देने का आश्वासन देकर कुछ पैसे उधार कर देता है। कुछ समय बीतने के बाद भोले-भाले किसान उधार पैसा न देना पड़े इसलिये ऑरिजनल रजिस्ट्रेशन मांगना छोड़ देता है। इस पर जनपद पुलिस ने 25 हजार और आगरा पुलिस ने 10 हजार रूपये का ईनाम घोषित कर रखा था। इसके अलावा बदमाश शाश के विरुद्ध अलग-अलग राज्यों के विभिन्न थानों पर लूट, चोरी आदि के 14 मुकदमे पंजीकृत हैं।

खाना पूर्ति तक सीमित रहा हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम

शासन से प्राप्त धन के सापेक्ष नौनिहालों में नहीं वितरित की जा सकी किट

तेजयुग न्यूज

मिल्कीपुर/अयोध्या : मिल्कीपुर शिक्षा क्षेत्र स्थित कंपोजिट विद्यालय किनौली में हमारा आंगन, हमारे बच्चे, कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को किया गया। कार्यक्रम महाज रस्म अदायगी तक सीमित रहा। शिक्षा क्षेत्र स्थित 10 न्याय पंचायतों के विभिन्न विद्यालयों के 50 निपुण बच्चों को बैग, पेंसिल, रबर, कटर और एक कापी देकर सम्मानित किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी मिल्कीपुर अजय कुमार त्रिपाठी ने कहा कि बच्चों को मनोरंजक एवं ज्ञानवर्धक पढ़ाई के प्रति जागरूक करने के लिए हमारा आंगन-हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत परिषदीय स्कूलों में बेसिक शिक्षा विभाग और बाल विकास विभाग की ओर से नौनिहालों को शिक्षा ग्रहण कराई जाएगी। न्याय पंचायत के सभी विद्यालय से दो बच्चे बाल वाटिका के तथा दो बच्चे कक्षा 1 से 3 तक कुल एक विद्यालय पांच बच्चों को सम्मानित किया जाना था। शिक्षा क्षेत्र के दस न्याय पंचायत से 50 बच्चे बाल वाटिका निपुण कार्यक्रम में शामिल हुए। शासन की ओर से

निपुण बच्चों को करीब 250 रूपए कीमत की टी एल एम किट वितरित किया जाना था। जिसमें बैग, पेंसिल, कटर, रबड़, जमेट्री, कहानियों की पुस्तकें तथा कापी दी जानी थी, लेकिन कार्यक्रम के दौरान बच्चों को बैग, एक रबर, एक पेंसिल, कटर तथा एक कॉपी दी गई है।

सूत्रों की माने तो 12 हजार 500 रुपए टीएमएल किट के नाम पर खर्चे तो कर दिया गए लेकिन बच्चों को किट के माध्यम से जो सामान मिलने थे, वह पूरे नहीं मिल सके। खंड शिक्षा अधिकारी अजय त्रिपाठी से जब पूछा गया कि बच्चों को जो किट वितरण किया गया है सारे सामान इसमें क्यों नहीं है, तो उन्होंने कहा कि अचानक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिससे सारी किताबें उपलब्ध नहीं हो सकी, फिलहाल जल्द ही किताबें बंटवा दी जाएगी। सूत्रों की माने तो कार्यक्रम में 50 छात्र, 50 अभिभावक, 50 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों कुल 150 लोगों को शामिल होना था। जिनके नाश्ते के लिए 100 रूपए प्रति व्यक्ति कुल 15 हजार रुपए विभाग ने मुहैया कराया था।

लेकिन कार्यक्रम में तो 50 बच्चे, लगभग 30 से 35 आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं कुछ अभिभावक ही शामिल हुए थे। नाश्ते के नाम पर करीब 25 से 30 रुपए ही प्रति व्यक्ति खर्च किए गए। इस प्रकार से शासन की अति महत्वाकांक्षी योजना पर भी जिम्मेदार अधिकारियों ने अपनी मनमानी का चाबुक चला दिया है।